an>

Title: Need to provide central assistance to Maharashtra for waiving loans of farmers.

**श्री राजीव सातव (हिंगोली)** ः महाराष्ट्र सरकार ने 24 जून, 2017 को किसानों की कर्ज माफी की घोषणा की। किसानों का कर्ज माफ करने की दिशा में राज्य सरकार ने अब तक जो जी.आर. निकाले हैं, उससे महाराष्ट्र के किसानों को कर्ज माफी मिलना असंभव है। इस वजह से कर्ज में डूबा हुआ किसान दुखी और परेशान है। जब तक केंद्र सरकार अपनी ओर से राज्य सरकार को मदद नहीं करेगी तब तक किसानों का कर्जा पूरी तरह से खत्म नहीं हो सकता।

लोक सभा प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री जी ने फसल का मूल्य दोगुना करने का आश्वासन दिया था। दुर्भाग्यवश यह आश्वासन पूरी नहीं हुआ। एक तरफ किसानों की उपज को भाव नहीं मिल रहा है और दूसरी तरफ राज्य सरकार किसानों को कोई मदद नहीं कर रही है।

इसलिए मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि महाराष्ट्र सरकार को किसान कर्ज माफी करने के लिए 34000 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाए।